# गिरोह के सदस्य बेरोजगारों से जॉब के नाम पर जमा कराते थे रजिस्ट्रेशन फीस और दिया करते थे फर्जी ज्वाईनिंग लेटर : दो आरोपी गिरफ्तार

- नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले इंटर स्टेट ठग गिरोह का पर्दाफाश,
- रायगढ़ के बाद महासमुंद जिले में खोल रखे थे आफिस, कोतवाली पुलिस दोनों आरोपियों को महासमुंद से किया गिरफ्तार
- ओड़िसा में भी आरोपियों का दर्ज है आपराधिक रिकार्ड, आरोपियों के एक साथी को पूर्व में गिरफ्तार कर कोतवाली पुलिस ने भेजी है रिमांड पर



**रायगढ़।** रायगढ़ की सिटी कोतवाली पुलिस ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय महादेवा व नगर पुलिस अधीक्षक अभिनव उपाध्याय के मार्गदर्शन पर बड़ी कंपनियों में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया गया है। गिरोह के सदस्य बेरोजगार युवकों को ठगने बकायदा अपना ऑफिस खोल कर शहर के प्रमुख चौराहों पर विकेंसी वाले पंपलेट चस्पा कर अपना नंबर शेयर करते हैं जिसमें सबसे पहले नौकरी दिलाने के नाम पर बेरोजगारों से करीब रु.1500 रजिस्ट्रेशन फीस लेते और उन्हें फर्जी जॉइनिंग लेटर देकर जॉब के नाम पर ट्रेनिंग कराए जाने का आश्वासन दिया जाता था। ठगों का नेटवर्क उड़ीसा के बाद छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले और महासमुंद जिले में बेरोजगारों के साथ ठग की है। रायगढ़ कोतवाली पुलिस ने कुशलता पूर्वक ठग गिरोह का पर्दाफाश कर आरोपियों के लोकल नेटवर्क के जरिए मुख्य आरोपियों तक पहुंची और जिन्हें बागबाहरा महासमुंद से आज गिरफ्तार कर रायगढ़ लाया गया और रिमांड पर भेजा गया है।

जानकारी के मुताबिक बैकुंठपुर रायगढ़ में रहने वाली अंशु यादव पिता स्वर्गीय बाल मुकुंद यादव (25 साल) द्वारा 26 नवंबर 2022 को थाना कोतवाली में लिखित आवेदन देकर धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराया गया था। पीड़ित युवती बताई कि माह अक्टूबर 2022 में शहर के कई जगह जॉब के पोस्टर दिवाल, खंभो में चिपके हुए थे। पॉम्प्लेट देखकर जानकारी हुआ कि नगर निगम कॉम्प्लेक्स में कंपनी के एक ऑफिस में युवतियों को आफिस रिसेस्निस्ट के जॉब की भर्ती ली जा रही है। जहां जाकर इंटरव्यु दी और सलेक्ट हो गई। ऑफिस जाकर पता किये ऑफिस में एक व्यक्ति अपना नाम प्रेम कुम्हार बताया जो स्वयं को जियो लाइफ इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का होना बताया और रु.1,549 लेकर बजाज कंपनी का एक जॉइनिंग लेटर दिया जिसमें सैलरी रु.16,500 लिखा हुआ था। इसके साथ इसकी 4 और सहेलियां भी नौकरी शुरू कर दी। प्रेम कुम्हार ने कंपनी के असिस्टेंट मैनेजर सज्जाद अंसारी से मिलाया जो ऑफिस में आकर काम देखता था। इन्हें ट्रेनिंग में बतलाया गया था कि जॉब के नाम पर कॉलर को बजाज कंपनी के तरफ से बात करते हुए रजिस्ट्रेशन फीस 1,549 रुपए लेने के ऑनलाइन स्कैनर भेजकर प्राप्त करना है। 1 महीने बाद प्रेम कुम्हार ऑफिस बंद कर भाग गया, पता चला कि वे कई लोगों से 1549 रुपए फीस लेकर ठगी किया है। जब इन्हें ठगी का पता चला कि उनके द्वारा दिया गया जॉइनिंग लेटर फर्जी है तो कोतवाली थाने में अपराध पंजीबद्ध कराये, आवेदन पर आरोपियों के विरूद्ध अप.क्रमांक 1605/2022 धारा 420, 467, 468, 471, 34 भादवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

मामले में जांच दौरान कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपियों की पतासाजी किया जा रहा था, दोनों फरार थे। कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक शनिप रात्रे द्वारा सर्विलांस और मुखबिरों की मदद से फरार आरोपी सज्जाद अंजारी के मुर्गी फार्म का व्यवसाय करना पता चला। आरोपी सज्जाद अंसारी को 23 जनवरी को हिरासत में लेकर पूछताछ करने अपने साथी आरोपी प्रेम कुम्हार का असली नाम असलम अंसारी निवासी लखनऊ उत्तर प्रदेश का होना बताया तथा एक और साथी का फरमान बताया। आरोपी सज्जाद अंसारी पिता साहिद अंसारी 24 साल निवासी बाजीनपाली थाना जूटमिल, रायगढ़ को धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

प्रकरण की गंभीरता को लेकर थाना प्रभारी कोतवाली आरोपियों के संबंध में मुखबिर लगाकर जानकारी लिया जा रहा था। गत दिनों रायगढ़ की तरह ही महासमुंद जिले के बागबाहरा में भी मारुति सुजुकी कंपनी के विभिन्न पदों के लिए भर्ती की वैकेंसी का पम्पलेट चौंक-चौराहों पर देखे गये जिसमें भी रजिस्ट्रेशन फीस के नाम पर रु.1449 युवक-युवतियों से लिये जाने की जानकारी थाना प्रभारी कोतवाली को प्राप्त हुई। थाना प्रभारी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए उनके मार्गदर्शन पर थाना से प्रधान आरक्षक हेमन पात्रे और नंद कुमार सारथी और आरक्षक हेमसागर पटेल को बागबाहरा महासमुंद रवाना किया गया। कोतवाली स्टाफ बागबाहरा में रहकर कंपनी की गतिविधियों की तस्दीक की गई जो संदेहास्पद होने पर संचालक को हिरासत में लिया गया। गिरफ्तार दोनों आरोपी- (1) प्रेम कुमार उर्फ असलम पिता इस्लाम्युउद्दीन उम्र 28 साल निवासी ग्राम मुरादगंज थाना गुरसाईगंज जिला कन्नौज (उत्तर प्रदेश) (2) आजाद मोहम्मद उर्फ राज पिता जहूर अली उम्र 22 साल निवासी ग्राम ऐंटी थाना सचेंडी (उत्तर प्रदेश) को धोखाधड़ी के अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन पर धोखाधड़ी के इस गिरोह का पर्दाफाश करने में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे, प्रधान आरक्षक नंद कुमार सारथी, हेमन पात्रे, आरक्षक हेम सागर पटेल की अहम भूमिका रही है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### एनपीएस चयन के विकल्प हेतु करें आवश्यक कार्यवाही

**रायगढ़।** जिला कोषालय अधिकारी, रायगढ़ ने जिले के समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारी को सूचित करते हुए बताया कि दिनांक 01.11.2004 से 31.03.2022 के बीच नियुक्त शासकीय सेवकों के लिए ओ.पी.एस.लागू होने के कारण उन्हें वित्त निर्देश 03/2023 दिनांक 25.1.2023 एवं वित्त निर्देश 04/2023 के तहत एनीपीएस अथवा ओपीएस में रहने हेतु विकल्प चयन किया जाना अनिवार्य है। समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारी इसे व्यक्तिगत रूप से रूचि लेते हुए अपनी अधीनस्थ कार्यरत ऐसे समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों जिनकी नियुक्ति दिनांक 1.11.2004 से 31.3.2022 के मध्य हुई है, से संदर्भित पत्रों में दिए गए निर्देशानुसार नवीन अंशदायी पेंशन योजना में बने रहने का विकल्प प्रपत्र एक (10 रुपये का नोटराईज्ड शपथ पत्र)अथवा पुरानी पेंशन योजना का लाभ लेने का विकल्प प्रपत्र दो (10 रुपये का नोटराईज्ड शपथ पत्र)में दिनांक 15 फरवरी 2023 तक प्राप्त कर कलेक्टर कार्यालय को सूचित करते हुए वांछित विकल्प प्राप्त होने पर ही संबंधित अधिकारी/कर्मचारियों के फरवरी माह का वेतन आहरण किया जाना सुनिश्चित करें।

### पेंशन शिविर एवं प्रशिक्षण 23 एवं 24 फरवरी को

**रायगढ़।** कार्यालय, संभागीय संयुक्त संचालक, कोष लेखा एवं पेंशन, बिलासपुर द्वारा विभिन्न विभागों के पेंशन प्रकरण निराकरण हेतु एवं पेंशन प्रकरण तैयार किये जाने हेतु प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसके तहत पेंशन प्रकरण निराकरण हेतु शिविर 23 फरवरी एवं पेंशन प्रकरण संबंधी प्रशिक्षण 24 फरवरी 2023 को किया जाएगा। जिला कोषालय अधिकारी, रायगढ़ ने समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारी को उक्त अवधि में अपने संबंधित पेंशन लिपिक के साथ उपस्थित होकर प्रकरणों का निराकरण करा सकते है।

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद ने किया खरसिया अनुभाग के थाना व चौकियों का निरीक्षण

- प्रभारियों को पुराने मामलों को जल्द निकाल के निर्देश, जवानों को अनुशासित रहकर अच्छा कार्य करने किए प्रेरित



**रायगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा आज खरसिया तहसील के थाना खरसिया, भूपदेवपुर, छाल, चौकी खरसिया, जोबी और पुलिस सहायता केन्द्र चपले का निरीक्षण किया गया। इस दौरान पुलिस अनुविभागीय अधिकारी खरसिया निमिषा और थाना, चौकी प्रभारी उपस्थित रहे। एक-एक थाने पहुंचकर एसएसपी सदानंद द्वारा प्रभारियों से अपराध और अपराधियों पर की गई कार्रवाई के संबंध में जानकारी लिये और मौजूदा समय में कानून व्यवस्था की स्थिति पर चर्चा कर उन्हें महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिया गया है।

थानों के निरीक्षण करने पहुंचे एसएसपी सदानंद कुमार को सशस्त्र गार्ड द्वारा सलीमी दी गई। थाने में सबसे पहले एसएसपी ने अपराध रजिस्टर जांचा। इसके बाद प्रभारी से पेंडिग मामलों में चर्चा कर जल्द मामलों में अभियोग पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उन्होंने थाना में आने वाले फरियादी की शिकायत को गंभीरता से सुनाने और समय पर शिकायत, रिपोर्ट का निस्तारण करने के निर्देश प्रभारियों को दिया गया। थाने के बीट अधिकारियों को क्षेत्र में अपराधियों पर नियंत्रण एवं निगरानी रख कार्रवाई करने के निर्देश दिए और बोले के अवैधानिक कार्यों की सूचनाओं पर त्वरित रूप से कार्यवाही किया जावे। थाने में विवेचकों और जवानों से चर्चा कर उनके परिवारजनों का कुशलक्षेम जाने। जवानों को अनुशासित रहकर प्रभारी द्वारा दिये गये समस्त कार्यों का निष्पादन करने एवं किसी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल अवगत कराने कहा गया। निरीक्षण दौरान सीसीटीएनएस, मुंशी कक्ष, हवालात, आर्म्स रूम आदि का निरीक्षण और थाने में साफ सफाई पर एसएसपी संतुष्टि जाहिर किये। इस दौरान थाना प्रभारी और थाना का स्टाफ मौजूद रहा।

# सड़क निर्माण का जायजा लेने सुदूर वनांचल क्षेत्र धरमजयगढ़ पहुंचे कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा

- सड़क निर्माण की फील्ड पर होगी नियमित मॉनिटरिंग-कलेक्टर
- दिनभर फील्ड में रहकर खरसिया-छाल-धरमजयगढ़ के साथ घरघोड़ा व पूंजीपथरा मार्ग में चल रहे कार्यों का किया निरीक्षण



**रायगढ़।** जिले में पदस्थापना के साथ ही सड़क निर्माण के कार्यों को कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा पूरी प्राथमिकता से मॉनिटर कर रहे है। उन्होंने चार्ज लेते ही जहां सड़क निर्माण से जुड़े विभागों की समीक्षा बैठक ली। वहीं आज वे सुदूर वनांचल धरमजयगढ़ तक सड़कों के निरीक्षण में पहुंचे।

उन्होंने खरसिया-छाल-हाटी से सुदूर वनांचल धरमजयगढ़ मार्ग में निर्माण कार्यों का जायजा लिया तो धरमजयगढ़ से जामपाली-घरघोड़ा, पूंजीपथरा-रायगढ़ मार्ग में भी चल रहे कामों को देखा। सड़क के जिन-जिन हिस्सों में काम चल रहा है वहां उन्होंने काम की गुणवत्ता भी देखी। सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा भी इस दौरान साथ रहे।

कलेक्टर सिन्हा ने खरसिया से छाल के बीच चल रहे कार्यों को लेकर ठेकेदार से कहा कि काम काफी धीमी गति से हो रहा है। उन्होंने तत्काल मशीनरी बढ़ाते हुए डामरीकरण का काम जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह जिले की प्रमुख सड़क है। इसमें काफी आवागमन भी होता है। अत: तेजी से इसमें काम पूरा किया जाए। इसी प्रकार उन्होंने धरमजयगढ़ से घरघोड़ा तथा पूंजीपथरा मार्ग पर चल रहे काम का मुआयना किया। यहां उन्होंने घरघोड़ा से पूंजीपथरा में नियमित रूप से काम चालू रखने के निर्देश दिए। वहीं कुडुमकेला के पास मार्ग को प्राथमिकता से सुधारने की बात कही। उन्होंने एसडीएम घरघोड़ा को निर्माण कार्यों की लगातार मॉनिटरिंग कर प्रतिदिन होने वाले काम की रिपोर्ट देने के लिए कहा। कलेक्टर सिन्हा ने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि सभी सड़कों का निर्माण पूरी क्षमता के साथ किया जाना है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं चलेगी।

इस दौरान एसडीएम धरमजयगढ़ डिगेश पटेल, सीईओ जनपद पंचायत कछवाहा सहित निर्माण एजेंसियों के अधिकारी व ठेकेदार उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लेने धरमजयगढ़ पहुंचे कलेक्टर सिन्हा

- कहा जल्द पूरा करें हमर लैब और ब्लड बैंक
- धरमजयगढ़ अस्पताल में 4 स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स भी दे रहे सेवाएं



**रायगढ़।** जिले के दूरस्थ इलाकों में लोगों को मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लेने कलेक्टर सिन्हा आज सिविल अस्पताल खरसिया के निरीक्षण में पहुंचे। यहां उन्होंने मेडिकल स्टाफ से कहा कि जिला मुख्यालय से अधिक दूर होने से आस-पास के लोगों की स्वास्थ्य सेवाओं के लिए निर्भरता इसी अस्पताल में हैं। इसको देखते हुए यहां शासन की योजना के तहत हमर लैब का निर्माण किया जा रहा है। साथ ब्लड बैंक की सुविधा भी तैयार की जा रही है। इसका जल्द लोगों को लाभ मिलना चाहिए। उन्होंने निर्माण एजेंसी के अधिकारियों से कहा कि सभी काम शीघ्रता से पूरे किए जाएं।

कलेक्टर सिन्हा ने अस्पताल के सभी वार्डों का मुआयना किया और मरीजों के लिए मौजूद सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने परिसर में बन रहे हमर लैब व ब्लड बैंक की बिल्डिंग का भी जायजा लिया। निर्माण कर रहे विभागों के अधिकारियों से कहा कि काम जल्द पूरा होना चाहिए। यहां बने आइसोलेशन वार्ड का उपयोग मरीजों को भर्ती करने में करें। उन्होंने अस्पताल के लिए जरूरी मैन पावर और संसाधनों की जानकारी तैयार कर के देने के निर्देश दिए। जिससे उसकी व्यवस्था की जा सके।

**4 स्पेशलिस्ट डॉक्टर कर रहे मरीजों का इलाज-** निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ डॉ. मधुलिका सिंह ठाकुर ने बताया कि सिविल अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों से उपचार की व्यवस्था करवाई गई है। हर महीने के दूसरे बुधवार रेडियोलॉजी, महिला रोग विशेषज्ञ, त्वचा रोग व मेडिसिन के स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स यहां उपलब्ध रहते हैं। कलेक्टर सिन्हा ने इसकी तारीफ की और कहा की इससे क्षेत्र के मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी।

**मरीजों और परिजनों को बताएं 100 रुपए की दवा मिलती है 30 रुपए में-** कलेक्टर सिन्हा ने अस्पताल परिसर में धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर का भी निरीक्षण किया। यहां उन्होंने दवा की उपलब्धता और प्रतिदिन की बिक्री की जानकारी ली। बताया गया कि 300 प्रकार की दवाएं उपलब्ध हैं। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि यह शासन की महत्वपूर्ण योजना है जिससे लोगों को दवाओं के खर्च से राहत मिले। यहां 70 प्रतिशत छूट के साथ दवाएं मिल रही हैं इसका व्यापक प्रचार लोगों के बीच करें।

**छाल पीएचसी के जनरल वार्ड का होगा जीर्णोद्धार-** कलेक्टर सिन्हा ने निरीक्षण के दौरान छाल के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का भी निरीक्षण किया। यहां मेडिकल ऑफिसर डॉ.पैंकरा से अस्पताल में ओपीडी और आईपीडी के बारे में जानकारी ली। बताया गया कि अस्पताल में अभी 60 से 70 ओपीडी रोजाना हो रही है। कलेक्टर सिन्हा ने अस्पताल परिसर का भ्रमण कर मेल, फीमेल तथा जनरल वार्डों का जायजा लिया। जनरल वार्ड की स्थिति मरम्मत योग्य होने पर उन्होंने कहा कि वार्ड का रेनोवेशन करवाया जायेगा जिससे मरीजों को सुविधा हो। उन्होंने इसके लिए प्रस्ताव बनाकर देने के निर्देश दिए।

# सूपा में हुआ योग शिविर का शुभारंभ



**रायगढ़।** आयुष हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर बुनगा विकास खंड पुसौर जिला रायगढ़ के तत्वाधान में डॉ.अजय नायक आयुर्वेद चिकित्साअधिकारी एमएस शालक्य तंत्र के कुशल नेतृत्व में योग प्रशिक्षक दुलामणि रजक के द्वारा आज ग्राम-सूपा में पांच दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ हुआ। योग शिविर 12 फरवरी तक प्रात: 6 बजे से 8 बजे तक चलेगा। योग शिविर में आज पहले दिन 90 लोग उपस्थित होकर योगाभ्यास किये जिसमें भ्रामरी प्राणायाम, भ्रस्तिका प्राणायाम एवं विभिन्न प्रकार के आसन का अभ्यास कराया गया। डॉ.अजय नायक ने बताया कि आज की भाग दौड़ भरी जिंदगी में रोजाना योगाभ्यास जरुरी है लोगों का झुकाव दिनोंदिन आयुर्वेद के प्रति बढ़ते जा रहा है लोग आयुर्वेद को अपनाने के लिए लगातार उत्साहित हो रहे है। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में सरपंच चंद्रिका रात्रे, भोज मालाकार हृदानंद पटेल, रामप्रसाद विनोद पटेल, पद्मलोचन पटेल आदि शिक्षक स्टाफ एवं स्कूली बच्चों का योगदान रहा।

# घर के बाड़ी में लगा रखा था गांजा का पौधा, मुखबिर सूचना पर चौकी रैरूमा पुलिस की रेड

- रेड पर करीब 6 किलो वजनी गांजा का पेड़ बरामद, आरोपी पर एनडीपीएस एक्ट की कार्यवाई



**रायगढ़।** थाना धरमजयगढ़ एवं पुलिस चौकी रैरूमाखुर्द स्टाफ द्वारा दिनांक 07.02.2023 को मुखबिर सूचना पर ग्राम जमाबीरा के कटैलपारा में गांजा रेड की कार्रवाई किया गया है। चौकी प्रभारी को सूचना मिली थी कि जमाबीरा का जय कुमार चौहान अपने बाड़ी के पीछे चोरी छिपे गांजा का पौधा लगाकर रखा हुआ है। सूचना पर गोपनियता बरतते हुए चौकी प्रभारी तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना से अवगत कराकर उनके मार्गदर्शन पर थाना धरमजयगढ़ एवं चौकी रैरूमा के स्टाफ और गवाहों को साथ लेकर जय कुमार चौहान के घर दबिश दिया गया। जय कुमार चौहान घर पर मौजूद मिला जिसे कार्यवाही की जानकारी देकर उसके मकान और कोला- बाडी की तलाशी ली गई। जय कुमार चौहान के बाडी में एक नग मादक पदार्थ गांजा का पेड मिला जिसे गवाहों के समक्ष कटवा कर मादक पदार्थ गांजा को बरामद किया गया। गांजा का कच्चा पेड वजन 06,480 किलो ग्राम कीमती 12960/रूपये की जप्ती किया गया है। आरोपी जयकुमार चौहान पिता राम नाथ चौहान उम्र 42 साल साकिन जमाबीरा कटैलपारा चौकी रैरूमाखुर्द थाना धरमजयगढ पर थाना धरमजयगढ़ (चौकी रैरूमाखुर्द) में एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई कर आरोपी को रिमांड पर भेजा गया है। सुपरविजन अधिकारी एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर रेड कार्रवाई में चौकी प्रभारी रैरूमा सहायक उप निरीक्षक अमृत मिंज, शांति लाल टोप्पो, डेविड टोप्पो, आरक्षक इलियाजर टोप्पो, सुरेश टोप्पो, विकास तिर्की शामिल थे।

# ग्रामीण औद्योगिक पार्क अब ले रहे हैं मूर्त रूप, निरीक्षण में पहुंचे कलेक्टर

- ग्रामीण उद्यमिता की नई पहचान बनेगा रीपा-कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा
- सवालों के सही जवाब देने पर आश्रम की छात्राओं को कलेक्टर ने किया पुरुस्कृत
- स्वामी आत्मानंद स्कूल और आश्रम का भी किया निरीक्षण



**रायगढ़।** गांवों में रोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य के साथ संचालित हो रही शासन की महत्वपूर्ण योजना ग्रामीण औगोगिक पार्क (रीपा) का निरीक्षण करने कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा आज धरमजयगढ़ विकासखंड के बरतापाली गौठान में पहुंचे। उन्होंने कहा कि की रीपा ग्रामीण उद्यमिता को नई पहचान देगा।

कलेक्टर सिन्हा ने यहां महिला समूह तथा गौठान समिति के सदस्यों से रीपा में शुरू होने वाली आजीविका मूलक गतिविधियों की जानकारी ली। बरतापाली रीपा में मछली बीज, फेब्रिकेशन, फ्लाई ऐश ब्रिक, महुआ प्रोसेसिंग यूनिट जैसे कार्य किए जायेंगे। कलेक्टर सिन्हा ने रीपा का काम जल्द पूरा करने के लिए कहा। यहां बिजली का काम भी पूर्ण करने के निर्देश उन्होंने दिए। कलेक्टर सिन्हा ने आमगांव में फॉरेस्ट क्लस्टर का भी निरीक्षण किया। यहां वन अधिकार पत्र प्राप्त हितग्राहियों के द्वारा क्लस्टर में कई आजीविका मूलक कार्य किए जा रहे हैं। कलेक्टर सिन्हा ने सरिया नाला में वन विभाग द्वारा किए गए नरवा संवर्धन का काम भी देखने पहुंचे। डीएफओ धरमजयगढ़ जोगावत ने बताया कि यह क्षेत्र का सबसे लंबा नाला है। इसकी लंबाई 27 किमी है इसमें 7 स्टॉप डैम बनाया गया है।

**सवालों का सही जवाब देने पर कलेक्टर ने छात्राओं को दिया इनाम-** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने छाल स्थित बालिका आश्रम के निरीक्षण में पहुंचे। यहां सबसे पहले छात्रावासी बच्चियों से मुलाकात कर उनकी पढ़ाई-लिखाई के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कक्षा आठवीं की छात्रा आरती से जब 19 का पहाड़ा पूछा तो उसने बिना अटके पूरा पहाड़ा सुना दिया। कलेक्टर सिन्हा ने उन्हे न सिर्फ शाबाशी दी बल्कि इनाम में खेलने की सामग्री और किताबें भी दीं। इसी तरह कक्षा छठवीं की छात्रा चंद्रकिरण ने भी सवालों का सही जवाब दिया। कलेक्टर सिन्हा ने बच्चों के डाइट के बारे में जानकारी ली और आश्रम के किचन का जायजा लिया। साथ ही आश्रम में बच्चों के कमरे, क्लासरूम का भी उन्होंने निरीक्षण किया और अधीक्षिका को निर्देशित किया कि साफ -सफाई का विशेष ध्यान रखें, मीनू अनुसार खाना बच्चों को मिलना चाहिए। उन्होंने लाइब्रेरी में बच्चों की रुचि के अनुसार किताबें रखने के लिए कहा। साथ ही नियमित रूप से समाचार पत्रों पढ़वाएं इससे उनके सामान्य ज्ञान में वृद्धि होगी।

**क्वालिटी एजुकेशन पर करें फोकस-** कलेक्टर सिन्हा धरमजयगढ़ प्रवास के दौरान स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल का भी निरीक्षण किया। यहां उन्होंने बच्चों को दर्ज संख्या के बारे में जानकारी ली। प्राचार्य ने बताया कि बच्चों के एडमिशन यहां बढ़े हैं। आसपास के स्कूलों में पढने वाले बच्चों ने इस बार यहां दाखिला लिया है। कलेक्टर सिन्हा ने ये अच्छी बात है, उन्होंने बच्चों को क्वालिटी एजुकेशन देने पर जोर दिया। साथ ही लैब, लाइब्रेरी तथा स्मार्ट का अवलोकन किया। लाइब्रेरी में बच्चों की रुचि के अनुसार ज्ञान वर्धक किताबें रखने के निर्देश दिए हैं। स्कूल में बच्चों की संख्या के मद्देनजर अतिरिक्त कक्ष की मांग पर उन्होंने 05 कक्ष निर्माण के लिए प्रस्ताव तैयार कर के देने के निर्देश दिए।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480